Serial Number ↓ | Roll No. | SET / सेट **A**

**202505**

Total Printed Pages : 16

Total Questions : 20

Time : 3 Hours

Maximum Marks : 70

हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा वर्ष - 2025

**Higher Secondary Examination (Main) - 2025**

# भूगोल
# GEOGRAPHY
(Hindi & English Versions)

**किसी भी प्रश्न के अंग्रेजी और हिंदी संस्करणों के बीच विसंगति के मामले में हिंदी संस्करण को अंतिम माना जाएगा।**
**In case of discrepancy between the English and Hindi versions of any question, the Hindi version will be treated as final.**

निर्देश :

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक **1** से **5** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिसमें सही विकल्प **6** अंक, रिक्त स्थान **6** अंक, सत्य/असत्य **6** अंक, सही जोड़ी **5** अंक, एक वाक्य में उत्तर **5** अंक के प्रश्न हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक **6** से **20** तक के प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक **6** से **13** तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए **2** अंक आवंटित हैं। शब्द सीमा **30** शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक **14** से **17** तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए **3** अंक आवंटित हैं। शब्द सीमा **75** शब्द है।

(vi) प्रश्न क्रमांक **18** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रश्न के लिए **4** अंक आवंटित हैं। शब्द सीमा **120** शब्द है।

(vii) प्रश्न क्रमांक **19** व **20** क्रमशः विश्व तथा भारत के मानचित्र पर आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए **5** अंक आवंटित हैं।

(viii) प्रश्न क्रमांक **19** विश्व के मानचित्र में दर्शाये गये क्षेत्रों/स्थानों को पहचानकर उनके नाम मानचित्र में लिखिए तथा प्रश्न क्रमांक **20** भारत के दिये गये मानचित्र में स्थानों/क्षेत्रों को दर्शाकर उत्तर-पुस्तिका में संलग्न कीजिए।

(ix) केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न क्रमांक **19** व **20** के स्थान पर (विश्व तथा भारत के मानचित्र पर आधारित) एक शब्द अथवा एक वाक्य में उत्तर आधारित सैद्धान्तिक प्रश्न हैं।

**Instructions :**

(i) All questions are compulsory.

(ii) Question Nos. **1** to **5** are objective type questions consisting of Choose the correct option - **6** marks, Fill in the blanks - **6** marks, True / False - **6** marks, Match the correct pair - **5** marks, Answer in one sentence - **5** marks.

(iii) Internal options are given in question nos. **6** to **20**.

(iv) Question Nos. **6** to **13** are very short answer type questions. Each question carries **2** marks. Word limit is **30** words.

(v) Question Nos. **14** to **17** are short answer type questions. Each question carries **3** marks. Word limit is **75** words.

(vi) Question No. **18** is long answer type question. Question carries **4** marks. Word limit is **120** words.

(vii) Question Nos. **19** and **20** are questions based on the map of the World and India. Each question carries **5** marks.

(viii) Question No. **19** identify areas / places shown in the map of the world and write their names on the map and question no. **20** show the area/places shown on the given map of India and attach them in the answer book.

(ix) Only for visually impaired candidates, instead of question numbers **19** and **20**, there are one word or one sentence based theory questions based on the map of the World and India.

---

**1** **सही विकल्प चुनकर लिखिए :** **1×6=6**

**(i)** **मानव भूगोल की कल्याणपरक अथवा मानवतावादी विचारधारा का संबंध मुख्यतः लोगों के किस प्रकार के विभिन्न पक्षों से था?**

(अ) आर्थिक कल्याण (ब) प्रजाति कल्याण

(स) सामाजिक कल्याण (द) व्यवहारिक कल्याण

**(ii)** **निम्नलिखित में से कौन–सा एक विरल जनसंख्या वाला क्षेत्र है?**

(अ) भूमध्य सागरीय प्रदेश (ब) हिमालय के पर्वतीय भाग

(स) जापान का कोबे–ओसाका प्रदेश (द) अफ्रीका की कटंगा, जांबिया पेटी

**(iii)** **निम्न में से कौन–सा एक प्राचीन जीवन निर्वाह व्यवसाय है?**

(अ) वाणिज्य पशुधन पालन (ब) रोपण कृषि

(स) डेरी कृषि (द) चलवासी पशुचारण

**(iv)** **निम्नलिखित में से कौन–सी भारत में किशोरों के संबंध में समाज के समक्ष एक चुनौती है?**

(अ) निम्न मातृ मृत्यु–दर

(ब) एच.आई.वी. एवं एड्स के संक्रमण की निम्न दर

(स) शिक्षा

(द) शारीरिक और मानसिक अपंगता

(v) निम्नलिखित में से कौन–से पत्तन को भारी मात्रा में पेट्रोलियम, पेट्रोलियम उत्पादों एवं उर्वरकों को ग्रहण करने के लिए बनाया गया है?

(अ) मार्मागाओ पत्तन (ब) कोलकाता पत्तन

(स) कांडला पत्तन (द) पाराद्वीप पत्तन

(vi) निम्नलिखित में से कौन–सा एक वायु प्रदूषण का स्रोत है?

(अ) अनुचित मानव क्रियाकलाप (ब) औद्योगिक प्रक्रम

(स) नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र (द) विज्ञापन मीडिया

**Choose and write the correct option :**

**(i) Welfare or humanistic school of thought in human geography was mainly concerned with the which type of different aspects of the people?**

(a) Economic well-being (b) Race well-being

(c) Social well-being (d) Behavioral well-being

**(ii) Which one of the following is an area of sparse population?**

(a) Mediterranean region

(b) Mountain area of Himalayas

(c) The Kobe-Osaka region of Japan

(d) Katanga Zambia belt of Africa

**(iii) In which of the following is a primitive subsistence activity?**

(a) Commercial Livestock Rearing

(b) Plantation Agriculture

(c) Dairy Farming

(d) Nomadic Herding

**(iv) Which of the following is a challenge for the society in concerned of adolescents in India?**

(a) Low rate of maternal mortality

(b) Low rate of HIV and AIDS

(c) Education

(d) Physical and mental disability

**(v) In which of the following ports is specially designed to receive large quantities of petroleum, petroleum products and fertilizers?**

(a) Marmagao Port (b) Kolkata Port

(c) Kandla Port (d) Paradwip Port

**(vi) Which one of the following is the source of air pollution?**

(a) Improper human activities (b) Industrial processes

(c) Nuclear power plants (d) Advertising media

1×6=6

2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

(i) ______ उपागम का संबंध प्रो. अमर्त्य सेन से है।

(ii) ग्रामीण विपणन केन्द्र ______ का पोषण करते हैं।

(iii) अनुसूचित भाषाओं में ______ बोलने वालों का प्रतिशत सर्वाधिक है।

(iv) ______ ऋतुओं में बिना सिंचाई के खेती करना कठिन होता है।

(v) जूट का प्रयोग ______ वस्त्र बनाने में किया जाता है।

(vi) भारतीय राष्ट्रीय महामार्ग प्राधिकरण (एन.एच.ए.आई.) का प्रचालन ______ में हुआ था।

**Fill in the blanks :**

(i) _____ approach is associated with Prof. Amartya Sen.

(ii) Rural marketing centers rearing to ______.

(iii) Among the scheduled languages, the speakers of ______ have the highest percentage.

(iv) It is difficult to practise agriculture without assured irrigation during _____ seasons.

(v) Jute is used for making ______ cloths.

(vi) The National Highways Authority of India (NHAI) was operationalised in _____.

3 सत्य/असत्य चुनकर लिखिए – 1×6=6

(i) जर्मन भूगोलवेत्ता राज्य/देश का वर्णन 'जीवित जीव' के रूप में करते हैं।

(ii) जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत की प्रथम अवस्था में उच्च प्रजननशीलता व उच्च मर्त्यता होती है।

(iii) राष्ट्रीय महामार्ग संख्या 7 वाराणसी को कोलकाता से जोड़ता है।

(iv) भारत की पहली संपूर्ण जनगणना 1872 ई. में हुई थी।

(v) भारत उत्तम किस्म की 'अरेबिका' कॉफी का उत्पादन करता है।

(vi) पर्वतीय क्षेत्र विकास कार्यक्रमों को पाँचवी पंचवर्षीय योजना में प्रारम्भ किया गया था।

**Choose and write True/False :**

(i) German geographers describe the 'State / Country' as a 'living organism'.

(ii) In the first stage of demographic transition theory has high fertility and high mortality.

(iii) National Highway No. 7 (NH7) connecting Varanasi with Kolkata.

(iv) The first complete census in India was conducted in 1872.

(v) India grows superior quality coffee 'arabica'.

(vi) Hill area development programmes were initiated during the Fifth five year plan.

4 सही जोड़ी बनाकर लिखिए – 1×5=5

| "अ" | "ब" |
|---|---|
| (i) कृषि आधारित उद्योग | (अ) मुम्बई |
| (ii) रसायन आधारित उद्योग | (ब) उत्तर प्रदेश |
| (iii) डब्बावाला | (स) रबड़ |
| (iv) भारत का सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य | (द) केरल |
| (v) भारत का न्यूनतम जनसंख्या वृद्धि दर वाला राज्य | (इ) कृत्रिम रेशे |

**Match and write the correct pair :**

| "A" | "B" |
|---|---|
| (i) Agro based industries | (a) Mumbai |
| (ii) Chemical based industries | (b) Uttar Pradesh |
| (iii) Dabbawala | (c) Rubber |
| (iv) State with the highest population in India | (d) Kerala |
| (v) State with the lowest population growth rate in India | (e) Synthetic fibre |

5 एक वाक्य में उत्तर लिखिए – 1×5=5

(i) उत्प्रवास क्या है?

(ii) मानव विकास के सबसे पुराने उपागम का नाम लिखिए।

(iii) फ्रांसवासियों द्वारा पश्चिमी अफ्रीका में लगाए गए पौधे का नाम लिखिए।

(iv) राजस्थान में वर्षा जल संग्रहण ढ़ाँचे को स्थानीय किस नाम से जाना जाता है?

(v) भारतीय राष्ट्रीय जल नीति किस वर्ष लागू की गई?

**Write the answer in one sentence :**

(i) What is emigration?

(ii) Write the name of the oldest approach of human development.

(iii) Write the name of plantation in West Africa by the French established.

(iv) In Rajasthan rain water harvesting structures locally known by which name?

(v) In which year the National Water Policy of India was launched?

6 पर्यावरणीय निश्चयवाद क्या है ? 2
What is environmental determinism?

अथवा / OR

मानव भूगोल की प्रकृति लिखिए।
Write the nature of human geography.

7 जनसंख्या की प्राकृतिक वृद्धि क्या है ? लिखिए। 2
What is natural growth of population? Write.

अथवा / OR

जनसंख्या की ऋणात्मक वृद्धि क्या है ? लिखिए।
What is negative growth of population? Write.

8 आधारभूत आवश्यकता उपागम क्या है ? लिखिए। 2
What is basic needs approach? Write.

अथवा / OR

सशक्तिकरण का अर्थ लिखिए।
Write the meaning of empowerment.

9 स्थानांतरणशील कृषि क्या है ? लिखिए। 2
What is shifting cultivation? Write.

अथवा / OR

सहकारी कृषि क्या है ? लिखिए।
What is co-operative farming? Write.

10 प्रौद्योगिकीय नवाचार क्या है ? 2
What is technological innovation?

अथवा / OR

छोटे पैमाने के उद्योग की दो विशेषताएँ लिखिए।
Write any two characteristics of small scale industry.

11 भारत में जनसंख्या वृद्धि की "प्रावस्था–ख" की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। 2
Write any two characteristics of population growth "phase-II" in India.

अथवा / OR

भारत की जनसंख्या के व्यावसायिक संघटन का क्या अर्थ है ? लिखिए।
What is meaning of the occupational composition of India's population? Write.

12 भारत में पल्ली बस्तियों की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। 2
Write any two characteristics of Hamleted Settlements in India.

अथवा / OR

भारत के मध्यकालीन नगरों की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।
Write any two characteristics of medieval towns of India.

13 भारत में लैगून और पश्चजल के कोई दो उपयोग लिखिए। 2

Write any two uses of Lagoons and Backwaters in India.

अथवा / OR

जल संभर प्रबंधन क्या है? लिखिए।

What is watershed management? Write.

14 बाज़ार के लिए सब्जी खेती एवं उद्यानकृषि की तीन विशेषताएँ लिखिए। 3

Write any three characteristics of market gardening and horticulture.

अथवा / OR

डेरी कृषि की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए।

Write any three characteristics of dairy farming.

15 उत्तरी अटलांटिक समुद्री मार्ग की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए। 3

Write any three characteristics of the Northern Atlantic sea route.

अथवा / OR

भूमध्य सागर – हिंद महासागरीय समुद्री मार्ग की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए।

Write any three characteristics of the Mediterranean - Indian Ocean sea route.

16 भारत में नगरीय जनसंख्या का वितरण लिखिए। 3

Write the distribution of urban population in India.

अथवा / OR

भारत में जनसंख्या वृद्धि की "प्रावस्था ग" को समझाइये।

Explain the "Phase-III" of population growth in India.

17 जैव–ऊर्जा की क्या उपयोगिता है? लिखिए। 3

What is the utility of the Bio-energy? Write.

अथवा / OR

पर्वतीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम क्या है? लिखिए।

What is Hill Area Development Programme? Write.

18 भारत की प्रमुख खनिज़ पट्टियों का वर्णन कीजिए। 4

Describe major mineral belts of India.

अथवा / OR

भारत में गेहूँ उत्पादन की दशाएँ और वितरण का उल्लेख कीजिए।

Mention conditions and distribution of wheat production in India.

19 दिये गये विश्व के मानचित्र में दर्शाये गये निम्न क्षेत्रों / स्थानों को पहचानकर उनके नाम लिखिए : 1×5=5

(i) मिश्रित कृषि का क्षेत्र
(ii) विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि क्षेत्र
(iii) याकोहामा
(iv) ब्यूनस आयर्स
(v) सेंट पीटर्सबर्ग

Identify the following areas / places shown on the given map of the World and write the name:

(i) Area of mixed farming
(ii) Area of extensive commercial grain farming
(iii) Yokohama
(iv) Buenos Airies
(v) St. Petersburg

**केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न क्रमांक 19 के स्थान पर विश्व मानचित्र आधारित का सैद्धान्तिक प्रश्न –**

(i) मिश्रित कृषि विश्व के किन भागों में की जाती है?
(ii) विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि क्षेत्र की मुख्य फसल का नाम लिखिए।
(iii) उत्तरी प्रशांत समुद्री मार्ग को जोड़ने वाले पत्तन का नाम लिखिए।
(iv) दक्षिण अटलांटिक महासागर के तट पर स्थित एक मुख्य हवाई पत्तन का नाम लिखिए।
(v) विश्व के सबसे लम्बे रेलमार्ग का नाम लिखिए।

**Theoretical question in place of question no. 19 World map based only for Visually Impaired Candidates –**

(i) Mixed farming (Agriculture) is found in which parts of the world?
(ii) Name of the principal crop of extensive commercial grain cultivation.
(iii) Write name of the port which connects the North Pacific sea route.
(iv) Write name of the major airport located in the coast of South Atlantic Ocean.
(v) Name of the longest railway route of the world.

**अथवा / OR**

दिये गये विश्व के मानचित्र में दर्शाये गये निम्न क्षेत्रों / स्थानों को पहचानकर उनके नाम लिखिए :

(i) चलवासी पशुचारण क्षेत्र
(ii) आदिकालीन निर्वाह कृषि क्षेत्र
(iii) वाणिज्य पशुधन पालन क्षेत्र
(iv) गहन निर्वाह कृषि क्षेत्र
(v) डेरी कृषि के क्षेत्र

Identify the following areas / places shown on the given map of the World and write the name :

(i) Area of nomadic herding
(ii) Area of primitive subsistence agriculture
(iii) Area of commercial livestock rearing
(iv) Area of intensive subsistence farming
(v) Area of dairy farming

**केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न क्रमांक 19 का अथवा के स्थान पर विश्व मानचित्र आधारित सैद्धान्तिक प्रश्न –**

(i) चलवासी पशुचारण कृषि के एक क्षेत्र का नाम लिखिए।
(ii) आदिकालीन निर्वाह कृषि क्षेत्र किन क्षेत्रों में की जाती है? लिखिए।
(iii) वाणिज्य पशुधन पालन के एक क्षेत्र का नाम लिखिए।
(iv) गहन निर्वाह कृषि किन देशों में की जाती है?
(v) डेरी कृषि के सबसे बड़े क्षेत्र का नाम लिखिए।

**Theoretical question in place of question no. 19 OR World map based for Visually Impaired Candidates only -**

(i) Name of a nomadic herding farming area.
(ii) Primitive subsistence agriculture is practised in which areas? Write.
(iii) Name an area of commercial livestock rearing.
(iv) Intensive subsistence farming is practised in which countries?
(v) Write the name of the largest dairy farming area.

**20** दिये गये भारत के मानचित्र में निम्न को दर्शाइये : **1×5=5**

(i) नेवेली
(ii) बालाघाट
(iii) खेतड़ी
(iv) कोच्चि
(v) यमुना नदी

Show the following in the given map of India :

(i) Neyveli
(ii) Balaghat
(iii) Khetri
(iv) Kochi
(v) Yamuna River

**केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न क्रमांक 20 के स्थान पर भारत के मानचित्र आधारित का सैद्धान्तिक प्रश्न–**

(i) नेवेली कोयला क्षेत्र किस राज्य में है?
(ii) बालाघाट मैंगनीज उत्पादक क्षेत्र किस राज्य में है?
(iii) खेतड़ी किस खनिज के उत्पादन के लिए जाना जाता है?
(iv) कोच्चि पत्तन किस राज्य में स्थित है?
(v) दिल्ली किस नदी के किनारे स्थित है?

**Theoretical question of question no. 20 India map based only for Visually Impaired Candidates :**

(i) Neyveli coal fields is located in which state?
(ii) Balaghat manganese producing field is located in which state?
(iii) Khetri is known by production of which mineral?
(iv) Kochi port is located in which state?
(v) Delhi is located on which river bank?

**अथवा / OR**

दिये गये भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइये :

(i) चेन्नई से कोलकाता समुद्री मार्ग
(ii) जामनगर
(iii) अंकलेश्वर
(iv) रत्नागिरी
(v) मैकल पहाड़ी

Show the following in the given map of India :

(i) Chennai to Kolkata sea route
(ii) Jamnagar
(iii) Ankaleshwar
(iv) Ratnagiri
(v) Maikala Hill

**केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न 20 को अथवा के स्थान पर भारत के मानचित्र आधारित सैद्धान्तिक प्रश्न –**

(i) चेन्नई किस राज्य में स्थित है ?
(ii) जामनगर तेल शोधन कारखाना किस राज्य में है ?
(iii) अंकलेश्वर तेल क्षेत्र किस राज्य में है ?
(iv) रत्नागिरी किस खनिज के लिए प्रसिद्ध है ?
(v) मैकल पहाड़ी किस खनिज के उत्पादन के लिए जानी जाती है ?

**Theoretical question of question no. 20 OR India map based only for Visually Impaired Candidates –**

(i) Chennai is located in which state?
(ii) Jamnagar oil refinery is located in which state?
(iii) Ankaleshwar oil field is located in which state?
(iv) Ratnagiri is known by which mineral?
(v) Maikala Hill is known by production of which mineral?

**Question No. 19**
**प्रश्न नं. 19**

